





# शराब पार्टी के बाद दो दोस्तों में हुआ खूनी संघर्ष

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 4 अगस्त।** शहर के आर्य नगर में रविवार देर रात दो पुराने दोस्तों के बीच मामूली कहासुनी के बाद मामला

**बाइक पर बैठते ही पीछे से गर्दन पर चाकू से हमला, आरोपी फरार**

अचानक इतना बिगड़ गया कि बात सीधे जानलेवा हमले तक पहुंच गई। चलती बाइक पर पीछे बैठे युवक ने अपने ही दोस्त की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं आरोपी वारदात के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

**शराब पार्टी बनी हमले की वजह :** गली नंबर-4, आर्य नगर निवासी 25 वर्षीय अटल दीक्षित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार रात करीब 11ः30 बजे उसका पुराना दोस्त श्याम उर्फ श्यामू शर्मा उसके घर आया। श्यामू स्टेट बैंक के सामने आर्य नगर में रहता है। दोनों ने



एक साथ बैठकर खाना खाया और शराब पी। बातचीत सामान्य ही चल रही थी और दोनों में किसी तरह का तनाव नहीं था। रात करीब दो बजे श्यामू ने अटल से कहा कि उसे घर छोड़ दे। अटल ने बाइक निकाली और श्यामू को पीछे बैठा लिया। जब वे पार्षद के घर के पास पहुंचे, तभी श्यामू ने अचानक अपनी जेब से चाकू निकालकर अटल की गर्दन पर पीछे से वार कर दिया। इससे बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। गिरते ही श्यामू ने दोबारा हमला करने की कोशिश की, लेकिन अटल ने किसी तरह अपने हाथ से वार को रोका, जिससे उसकी हाथों में भी गहरी चोटें आईं। इस अप्रत्याशित हमले से अटल बुरी तरह घायल हो गया, जबकि मौका देखकर श्यामू वहां से फरार हो गया।

**पुलिस ने दर्ज किया मामला, आरोपी की तलाश जारी**

कोतवाली थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह सेंगर ने बताया कि आरोपी श्यामू शर्मा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (जान से मारने की कोशिश) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। च्घायल अटल दीक्षित का पहले इलाज कराया गया, उसके बाद उसकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है,ज्ज उन्होंने कहा। फिलहाल आरोपी श्यामू फरार है, और पुलिस की टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं।

# सावन के चौथे सोमवार को झमाझम बारिश



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 4 अगस्त।** सावन माह के चौथे सोमवार को जहां एक ओर शिवभक्तों ने भोलेनाथ की विशेष आराधना की, वहीं रुक-रुककर हुई झमाझम बारिश ने मौसम को और अधिक भक्ति से सराबोर कर दिया। सुबह से शुरू हुई रिमझिम बारिश ने दोपहर तक जोर पकड़ा और शाम तक शहर भीगता रहा। इसके बावजूद मंदिरों में शिवभक्तों की भीड़ में कोई कमी नहीं आई। वनखंडेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य प्रमुख शिवालयों में भक्तों ने बेलपत्र, दूध, जल से अभिषेक कर भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया। भक्तों ने कहा कि बारिश में अभिषेक करना विशेष पुण्यकारी माना जाता है। बारिश ने जहां वातावरण को शीतल और हराभरा बना दिया, वहीं किसानों के चेहरों पर भी रौनक लौट आई। लंबे इंतजार के बाद आई वर्षा खरीफ फसलों के लिए संजीवनी साबित होगी।

हालांकि कुछ क्षेत्रों में जलभराव और यातायात में असुविधा भी देखी गई, परंतु भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। सोशल मीडिया पर भी बारिश और भक्ति के संगम की तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए। सावन का अंतिम सोमवार इस वर्ष आस्था, आनंद और बारिश की ठंडी फुहारों के साथ जनमानस में लंबे समय तक यादगार बना रहेगा।

# सावन के अंतिम सोमवार को मंदिरों में दिखी भक्तों की भीड़





**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 4 अगस्त।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शिवालयों में हर-हर महादेव की गूंज रही। जिले के प्रसिद्ध मंदिरों पर सुबह 4 बजे से लेकर देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर दूध, दही, शहद एवं घी से अभिषेक पूजन कर विल्वपत्र, अकौआ, धतूरा व कनेर के पुष्प अर्पित किए। इस दौरान बम-बम भोले एवं ऊं नमः शिवाय के मंत्र की गूंज से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा।

यहां बता दें, कि इस बार प्रत्येक सोमवार को योगों का विशेष संयोग रहा। शिव उपासना से साधकों की मनोकामनाएं पूरी होंगी। सावन माह शुरू हो गया। अंतिम सोमवार के दिन महिला-पुरुष भक्तों ने शिव मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक के साथ बेलपत्र, धतूरा फल व फूल आदि चढ़ाए। सावन के अंतिम सोमवार को ज्यादा शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी।

**सनातन संस्कृति का सबसे बड़ा मास है सावन**

पंडित श्यामवीर पाठक का कहना है कि सावन सनातन संस्कृति का सबसे बड़ा मास है। इसमें अन्य देवता शयन करते हैं, जबकि शिव जाग्रत रहते हैं। इस मास को शिव उपासना के लिए विशेष माना गया है। इस बार सावन में सौभाग्य योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस मास में चार सोमवार पड़ेंगे। पहला सोमवार धनिष्ठा नक्षत्र में पड़ेगा जो सौभाग्य योग होगा। धनिष्ठा नक्षत्र के स्वामी वसु है। यह रोजगार, व्यापार में बेहद शुभ है। दूसरा सोमवार कृतिका नक्षत्र में पड़ेगा जो सर्वार्थ सिद्धि योग का है। इसके स्वामी अग्निदेव हैं। उपासना से व्यापार व नौकरी में तरक्की के रास्ते खुलेंगे। तीसरा सोमवार श्लेषा नक्षत्र में पड़ेगा। इसके स्वामी नाग देवता हैं। इसमें पूजन से सभी कार्य सफल होते हैं। चौथा सोमवार अनुराधा नक्षत्र में ब्रह्मा योग का विशेष संयोग बन रहा है। इसमें उपासना से पुराने मामले निस्तारित होंगे।

# गहोई वैश्य समाज ने मनाई राष्ट्रकवि की जयंती



**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 4 अगस्त।** गहोई वैश्य समाज गोहद द्वारा राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त जयंती के अवसर पर गहोई भवन , सदर बाजार गोहद उपस्थित रहकर जयंती का आयोजन किया , कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत समाज के वरिष्ठ श्री मुन्ना लाल नीखरा द्वारा मैथिली शरण गुप्त के चित्र पर तिलक माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर किया गया।

झण्डा वंदन के साथ निवर्तमान अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सोनी द्वारा ध्वज गीत गाया गया जिससे सभी बंधुओं द्वारा दोहराया गया और श्री सोनी जी एवं गौरव रेजा द्वारा सभी राष्ट्रकवि मैथिल शरण गुप्त जी के जीवन परिचय , उनकी रचनाएं , आदर्शों के बारे में बताया गया कि कैसे समाज के साथ राष्ट्र की उन्नति में सभी को एक साथ एक स्वर में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहना है ।

साथ ही गहोई वैश्य समाज सेवा समिति की कामकाजी बैठक का आयोजन कर गहोई भवन में हुए नवनिर्माण , मरम्मत कार्य की समीक्षा , आय व्यय का विवरण , भविष्य के लंबित शेष कार्य आदि का विवरण संस्था के सचिव गौरव गोहद रावत द्वारा सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसे सभी उपस्थित बंधुजनों द्वारा चर्चा कर ध्वनि मत से सभी का समर्थन प्राप्त हुआ , इसके साथ ही हाल ही में हुई समाज की जनगणना, वार्षिक संग्रह राशि, परिचय पत्र आदि विषयों की समीक्षा कर सभी के द्वारा किए जा रहे कार्य को सराहा गया।

समाज में हो रहे कार्यों में उत्कृष्ट सहयोग के लिए श्री किशन दास सोनी , श्री गिर्राज लला सावला, श्री राजेश नाहर श्री संजय गुप्ता द्वश्चद्गड्ढ का सभी बंधुओं द्वारा सहयोग के लिए करतल ध्वनि से सम्मान किया गया , वार्षिक आयोजन कलेंडर तैयार कर आयोजन के बारे जानकारी दी गई । सामग्री संग्रह के लिए सभी के द्वारा सहयोग की बात रखी गई ।

राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त जयंती के शुभ अवसर पर श्री मनमोहन सोनी जी , श्री संजीव सोनी (मुरारी) जी द्वारा गहोई भवन के लिए 4 फर्श , 4 स्टूल सहयोग के रूप में दिए गए ।

## एक नजर में



### सांसद ने भाजपा जिला महामंत्री के पुत्र के निधन पर किया शोक व्यक्त

**भिण्ड, 4 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिण्ड-दतिया लोकसभा सांसद संध्या राय ने आज अपने निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा जिला महामंत्री एवं नागरिक सहकारी बैंक के संचालक मनोज अनंत के निवास पर पहुंचकर उनके छोटे पुत्र के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। सांसद राय ने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर संवेदनाएं प्रकट कीं एवं ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को इस असहनीय दु ःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रविसेन जैन एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल कटारे भी सांसद के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

### जैन मिलन महिला चन्दना शाखा ने पौधारोपण कार्यक्रम किया आयोजित

**भिंड।** मित्रता दिवस के पावन अवसर पर जैन मिलन महिला चन्दना शाखा ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रकृति से मित्रता को साकार करना था, जिसके तहत शाखा की सदस्याओं ने आनंदधाम (वृद्धाश्रम) एवं 17 बटालियन मंदिर परिसर में विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर शाखा की संस्थापिका नीतू जैन पहाड़िया ने कहा कि पेड़ सच्चे मित्र की तरह होते हैं। वे न केवल छाया देते हैं, बल्कि फल, फूल, और प्राणवायु (ऑक्सीजन) भी प्रदान करते हैं। इस मित्रता दिवस पर हम सबने संकल्प लिया है कि प्रकृति से सच्ची मित्रता निभाएँगे और हर वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएंगे। पौधारोपण स्थल पर अमरूद, मौसमी, नींबू, पपीता, बेल पत्री, जैसे फलदार वृक्षों के साथ-साथ छायादार एवं सजावटी पौधों को भी लगाया गया। यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरणीय जागरूकता का परिचायक था, बल्कि यह भी संदेश दे गया कि पर्वों को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व के रूप में भी मनाया जा सकता है। जैन मिलन महिला चन्दना शाखा भिंड हमेशा से सामाजिक सेवा, जनकल्याण, महिला जागरूकता एवं प्रकृति संरक्षण जैसे कार्यों में अग्रणी रही है। पौधारोपण के साथ शाखा की सदस्यों ने आनंदधाम वृद्धाश्रम में उपस्थित बुजुर्गों से संवाद कर उन्हें हरियाली का यह उपहार समर्पित किया।

# आलोरी का पुरा में भरा पानी, ग्रामीण परेशान

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 4 अगस्त।** एंडोरी पंचायत के अंतर्गत आने वाले आलोरी का पुरा में लगातार हो रही बारिश से बाढ़ जैसे हालात निर्मित

**धान की फसल हो रही चौपट, एसडीएम से की शिकायत**

हो गए है, गांव में चारों तरफ पानी ही पानी दिखाई पड़ रहा है।

लोगों को निकलने में तो परेशानी हो ही रही है साथ ही साथ अत्यधिक पानी भर जाने से करीब 50 बीघा धान की फसल भी



चौपट हो रही है इस संबंध में ग्रामीणों ने गोहद एसडीएम पराग



जैन को शिकायत की है,शिकायत पर नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव में पटवारी को मौके पर भेज कर निरीक्षण कराया और समस्या के समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए द्य ग्रामीणों ने बताया कि पानी की निकासी न होने से पानी भरा हुआ है और एंडोरी के किसान ऐंडोरी की तरफ पानी नहीं निकलने दे रहे हैं जिस कारण हमारी धान की फसल चौपट हो रही है द्य इस संबंध में नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि मौके पर पटवारी को भेज कर स्थिति का जायजा लिया गया है और पानी निकासी की व्यवस्था की जा रही है ,जरूरत पड़ी तो हम भी मौके पर जाएंगे।



### नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित हुआ विद्युत विभाग का ऑफिस

**मालनपुर, 14 अगस्त।** सोमवार को मालनपुर विद्युत कार्यालय( डी सी) ऑफिस किराए के भवन से विभाग के निजी नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित हुआ इस अवसर अधिकारियों ने पूजा अर्चना कर कार्यालय में प्रवेश किया और कार्यालय में बैठकर कामकाज भी किया, देर शाम विद्युत वितरण कंपनी के सीजीएम (जीआर) और जीएम (ओ एंड एम) ग्वालियर ने कार्यालय का निरीक्षण किया और जायजा लिया, इस अवसर पर मालनपुर विद्युत विभाग के उप महाप्रबंधक हरीश मेहता, जेई आदित्य यादव के अलावा विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# छात्रों में रचनात्मक सोच को विकसित करने ग्रामीण शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 4 अगस्त।** ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में विज्ञान गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और छात्रों में रचनात्मक सोच को विकसित करने के उद्देश्य से एसआरएफ फाउंडेशन द्वारा संचालित ग्रामीण शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित 10 शासकीय विद्यालयों के विज्ञान शिक्षकों के साथ दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोहद में किया गया।

प्रशिक्षण की शुरुआत में चैनसिंह किरार ने सभी शिक्षकों का स्वागत करते हुए दैनिक जीवन में विज्ञान की भूमिका पर चर्चा की एवं प्रशिक्षण के उद्देश्य को साझा



किया ।इसी क्रम में खालिद हुसैन ने शिक्षकों को गतिविधियों के माध्यम से *ज्डफिथ परफेक्शनज्ज* की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए *मॉलिक्यूलर-बायो तथा हीट ट्रांसफर की प्रक्रिया, शारीरिक संरचना, जोड़, वायु दाब, बिजली उत्पादन एवं अन्य प्रयोग* आधारित गतिविधियों को प्रैक्टिकल के माध्यम से विस्तारपूर्वक बताया गया।

इसके अलावा, उन्होंने छात्रों में विज्ञान विषय के प्रति जिज्ञासा, रचनात्मक और आत्मविश्वास की भावना विकसित करने हेतु अनुभवात्मक शिक्षण की पद्धति के माध्यम से शिक्षकों को प्रेरित किया ।प्रशिक्षण के दौरान सभी



शिक्षकों ने समूह गतिविधि के माध्यम से ठोस, द्रव एवं गैस की अवस्थाओं से संबंधित प्रयोगों के साथ-साथ मैग्नीशियम धातु की पट्टी पर आधारित प्रायोगिक गतिविधियाँ कीं। इसके अतिरिक्त, शिक्षकों ने आत्म-चिंतन, समस्या समाधान तथा अवधारणात्मक स्पष्टता जैसे पहलुओं पर विचार-विमर्श करते हुए अपने अनुभव और सीख एक दूसरे के साथ साझा किए ।तत्पश्चात चैनसिंह किरार ने विज्ञान प्रयोगशाला में प्रैक्टिकल कार्य के दौरान छात्रों को सुरक्षा उपायों का पालन करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कक्षा कक्ष गतिविधियों के साथ साथ कबाड़ से जुगाड़ बनाते हुए अपने परिवेश आधारित विज्ञान गतिविधियों का आयोजन करने हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया जिससे छात्र विज्ञान की अवधारणाओं को प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से बेहतर ढंग से समझ सकें और आगामी विज्ञान प्रदर्शनी एवं इंस्पायर अवार्ड में बेहतर प्रदर्शन हेतु सक्रिय रूप से भाग ले सकें।

प्रशिक्षण के दौरान प्राचार्य महोदय धर्मेंद्र भारद्वाज, रिसोर्स पर्सन खालिद हुसैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी चैनसिंह किरार, समस्त एसआरएफ फाउंडेशन टीम सहित 10 शासकीय विद्यालयों से 20 विज्ञान शिक्षक उपस्थित रहे है।

# रक्षाबंधनभाई बहन के एक दूसरे के लिए प्रेम और सम्मान देने का त्यौहार : ब्रह्मकुमारी



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 4 अगस्त।** ब्रह्माकुमारी आश्रम मालनपुर में रक्षाबंधन के उपलक्ष में कार्यक्रम रखा गया जिस कार्यक्रम में रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य संचालीका ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन द्वारा बताया गया कि यह बंधन सिर्फ भाई बहन के प्रेम का सबूत नहीं, बल्कि एक दूसरे की प्रति जीवन भर सुरक्षा करने का एवं एक दूसरे के लिए सम्मान देने का त्यौहार है। जिसमें बहन भाई कितने भी दूर हो लेकिन इस त्यौहार पर एक दूसरे के प्रति अपना प्यार, सम्मान, खुशी रक्षाबंधन बांधकर मानते हैं।

वास्तव में जीवन भर की सुरक्षा तो सिर्फ परमपिता परमात्मा ही कर सकते हैं। परमपिता विश्व रक्षक है। जिसे हम अपनी यादों के द्वारा सदा अपने साथ महसूस कर सकते हैं। हर प्रकार की समस्या में परमात्मा समाधान देते हैं और हमें परिस्थितियों पर विजय प्राप्त कराते हैं। कार्यक्रम में संस्थान के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से मधुसूदन भाई पधारे। उन्होंने भी सभी को माउंट आबू का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमार नरेश, महेश, सृष्टि, पूजा, खुशबू, लता, जानकी, कमला उपस्थित रहे। नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों ने रक्षाबंधन के मधुर गीतों पर नृत्य करके सभी का मन मोह लिया। सैकड़ो भाई बहनों ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

# 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 4 अगस्त।** शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में शासन की प्रभावशाली योजना एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती को माल्यार्पण एवं पीपल और वट वृक्ष का पूजन करते हुए किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से , जनभागीदारी समिति अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुर्जर, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक प्रो. हरिशंकर कंसाना जी, प्राचार्य आर.के. डवरिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरिजा नरवरिया एवं प्रो. अनुग्रहदत्त शर्मा, प्रो. राधाकृष्ण शर्मा, प्रो. दुर्गेश गुप्ता



,डॉ.हर्षद मिश्रा ,डॉ. रेखा सुमन, प्रो. वंदना श्रीवास्तव, प्रो. अंबुजा गुप्ता, प्रो. सुनील बंसल, प्रो. शिव प्रकाश सिंह नरवरिया, प्रो. पुरुषोत्तम सिंह तोमर प्रो. आलोक मिश्रा एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

कार्यक्रम में पौधारोपण करते हुए जीवाजी विश्वविद्यालय के समन्वयक प्रो. हरिशंकर कंसाना जी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति अगर हमारी मां है तो हम सबको अपनी मां का सम्मान और श्रृंगार करने के लिए अपने कार्यस्थल पर हरे भरे पौधे लगाकर इसकी सुंदरता को सुरक्षित भी रखना चाहिए । पर्यावरण को संरक्षण देना शासन का ही नहीं हम सब का प्रथम दायित्व बनता है। पर्यावरण के साथ संतुलन बिठाना ही मानव जाति का प्रथम प्रयास होना चाहिए। कार्य स्थल पर इस प्रयास को सफलतापूर्वक किया जा सकता है प्रत्येक कर्मचारी एक-एक पौधा लगाकर उसको संरक्षण प्रदान करता है, तो इससे बड़ा पुण्य और क्या हो सकता है। क्योंकि हमारे वेदों में भी एक पेड़ को लगाना सौ संतानों के समान बताया गया है। हरा भरा कार्यस्थल होगा तो निश्चय ही हमारा मन, मस्तिष्क और स्वास्थ्य को भी लाभ मिलता है। इसी क्रम में जन भागीदारी अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुर्जर जी ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जन्म दिवस या माता-पिता के जन्मदिवस पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तभी शासन की इस योजना को क्रियाशील बनाया जा सकता है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पौधे को पेड़ बनाने तक अपनी जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। प्राचार्य डॉ. आरके डबरिया ने कहा कि छात्र-छात्राओं को प्रकृति से मां जैसा भावात्मक प्रेम होना चाहिए तभी च्एक पेड़ मां के नामज अभियान को सफल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरिजा नरवरिया ने संकल्प बीच होते हुए कहा कि च्पेड़ पौधे लगाएंगे। हम पृथ्वी को बचाएंगे।ज्ज इसी संकल्प के साथ सभी सम्माननीय अतिथियों स्टाफ और सभी छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। सम्माननीय अतिथियो ,समस्त स्टाफ और उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा 50 से अधिक पौधा रोपण किया गया।